IIM: आंत्रप्रेन्योरशिप पर नया सर्टिफिकेट कोर्स उद्यमियों को व्यवसाय शुरू करने मिलेगी मदद

सिटी रिपोर्टर. रायपुर

आईआईएम रायपुर ने 'स्वावलंबन स्किल टू एंटरप्राइज मॉडल (स्टेम)' के तहत आंत्रप्रेन्योरशिप एंड न्यू वेंचर्स क्रिएशन पर एडवांस सर्टिफिकेट प्रोग्राम शुरू किया है। प्रोग्राम को भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) के सहयोग से शुरू किया जा रहा है। 18 महीने के प्रोग्राम में 30 शुरुआती स्तर के उद्यमियों को सफल व्यवसाय खड़ा करने और उसे आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान

प्रदान किया जाएगा। इस पाठ्यक्रम में प्रतिभागियों को शैक्षणिक और पेशेवर मार्गदर्शन निशुल्क दिया जाएगा। प्रोग्राम में छत्तीसगढ़ के उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रोग्राम के डायरेक्टर प्रो. सत्यसीबा दास, को-डायरेक्टर प्रो. सरोज कुमार पाणी और प्रोग्राम मेंबर एस राम कुमार हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 21 सितंबर तक है। उम्मीदवार iimr-stem.iimraipur.edu.in/ पर आवेदन कर सकते हैं।

तैयार किए जाएंगे बिजनेस लीडरः आईआईएम के डायरेक्टर प्रो. राम कुमार काकानी ने बताया कि भारत के 2047 विकास दृष्टिकोण के लिए शुरुआती चरण के उद्यमियों को पोषित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। साथ ही प्रोग्राम छत्तीसगढ़ के महत्वाकांक्षी उद्यमियों के लिए अपने व्यवसायिक विचारों को हकीकत में बदलने का अवसर प्रदान करेगा।

कार्यक्रम की खास बातें

लर्निंग एक्सपीरियंसः ऑनलाइन और ऑफलाइन मॉड्यूल का संयोजन, जिससे व्यापक शिक्षा मिलती है।

व्यावहारिक प्रशिक्षणः केस स्टडी और अभ्यास, जहां प्रतिभागी अपने व्यवसायों में सीधे अपने सीखे हुए ज्ञान को लागू कर सकते हैं।

व्यक्तिगत मार्गदर्शनः उद्यमियों को सपोर्ट के लिए उद्योग के एक्सपर्ट से पर्सनलाइज्ड गाइडेंस भी दिया जाएगा।

Dainik bhasker, 13th Sep. 2024,p. 2